Title: Requested the Minister of Commerce and Industry to take steps to revitalise the Nayagaon unit of the Cement Corporation of India by paying the due electric bill and arrange for proper electric connnection and electric supply to the factory.

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : उपाध्यक्ष महोदय, सीमेन्ट कार्पोरेशन ऑफ इंडिया की एक इकाई जो नीमच के नयागांव में स्थित है, केवल 13 करोड़ रुपया उस पर बकाया होने के कारण उसकी बिजली काट दी गई और उसके कारण आज उस फैक्ट्री को निजी हाथों में बेचने का प्रस्ताव सरकार की तरफ से आया है, इस प्रकार की चर्चा है। उस फैक्ट्री पर लगभग तीन वर्षों में 50 करोड़ रुपया खर्च हो चुका है लेकिन बिजली की वहां पर आपूर्ति नहीं हो सकी। डीजल के जनरेटर सैट चलाकर बिजली दी जा रही है, वेतन पर खर्च हो रहा है। दूसरे व्यय भी हो रहे हैं। कोई फैसला नहीं हो रहा है। उद्योग मंत्री महोदय से मांग है कि जब केवल 13 करोड़ रुपये की बकाया राशि होने पर बिजली चलाई जा सकती है तो जो विद्युत मंडल से विवाद चल रहा है, उसको समाप्त करके उसको पैसा दें ताकि जो लाभप्रद इकाई है उसको चलाकर मजदूरों का हित किया जा सके, जनता का भी उसमें हित-संपादन हो सके अन्यथा करोड़ों रुपया निरर्थक ही वहां पर खर्च हो रहो है। उसे बचाया जा सके।